**R/P/P/2025/II**

प्रश्न-पुस्तिका क्र.
Question Booklet No.

# विषय-शारीरिक शिक्षा
# Subject-PHYSICAL EDUCATION

**SET A**

द्वितीय प्रश्न-पत्र ( ऐच्छिक )
Paper II (Optional)
विषय कोड-22
Subject-Code-22

252201845

नाम
Name

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें।
Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : 32 — कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : 100

समय : 3 घण्टे प्रथम व द्वितीय प्रश्न-पत्र मिलाकर हल करने हेतु — अधिकतम पूर्णांक/Maximum Marks : 200

Time Allowed : 3 Hours to complete both Ist and IInd question paper

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भाषाओं-हिन्दी व अंग्रेजी में छपी है । परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी एक भाषा चुन सकते हैं ।
2. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प हैं । प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर सही है । उचित विकल्प चुनें और उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. शीट ) पर सम्बन्धित वृत्त को काले बॉल प्वॉइंट पेन से काला करें ।
3. इस परीक्षा में दो प्रश्न-पत्र हैं जिसमें कुल मिलाकर 150 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है । दोनों प्रश्न-पत्र व सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक सही उत्तर के लिए 2 अंक दिये जायेंगे । अनुत्तरित प्रश्न के लिये कोई अंक नहीं है । ऋणात्मक मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है ।

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न-पत्र I | सामान्य प्रश्न-पत्र | ( प्रश्न संख्या 1-50 ) |
| प्रश्न-पत्र II | परीक्षार्थी द्वारा चयनित विषय का प्रश्न-पत्र | ( प्रश्न संख्या 51-150 ) |

4. इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या आवरण पृष्ठ पर दर्शाई गई है । परीक्षार्थी को सलाह दी जाती है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ ठीक से मुद्रित और जिल्दबंद हों । अन्यथा वे उसी सेट की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका तत्काल माँग लें ।
5. कृपया उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. शीट ) पर निर्धारित स्थानों पर ही आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं ।
6. परीक्षार्थी सभी रफ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्र ( ओ.एम.आर. शीट ) पर भी नहीं।
7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा ।
8. किसी प्रकार का केल्कुलेटर, लॉग टेबल व किसी प्रकार का इलेक्ट्रानिक डिवाइस आदि का प्रयोग वर्जित है ।
9. जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने का निर्देश दिया जाये उसके पश्चात् ही उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. शीट ) में उत्तर को चिन्हित करने के लिये केवल काले बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें ।
10. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् ओ.एम.आर. शीट वीक्षक को सौंपने के पश्चात् ही अभ्यर्थी कक्ष छोड़ेंगे ।
11. उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. ) पर उत्तर देने से पहले दिए गए निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें ।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. This Question Booklet is printed in two languages—Hindi and English. Candidates can select any one of the two languages according to their convenience.
2. Each question has four options. There is only one correct answer to each question. Choose the appropriate option and darken/blacken the corresponding circle on the Answer Sheet (OMR Sheet) with black point pen.
3. In this examination there are two question papers, consisting of 150 objective type questions and each question carries 2 marks. Both the question papers and all the questions are compulsory. Two (2) marks shall be awarded for each correct answer. Unanswered question will not be given any marks. There is no provisions for Negative Marking.

| | | |
|---|---|---|
| Paper I | General paper | (Q. No. 1-50) |
| Paper II | Question paper on the Subject opted by the examinee | (Q. No. 51-150) |

4. No. of pages consisting of this question booklet is indicated over the cover page. Candidates are advised to ensure that all the pages of Question Booklet are properly printed and binded. Otherwise they may demand the other Question Booklet of the same set.
5. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) only at the places indicated and nowhere else.
6. Examinee should do all rough work on the spaces meant for rough work on the pages given in the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).
7. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard one.
8. Use of any type of calculator, log table or any type of electronic devices etc. are not allowed.
9. Use only black ball point pen to mark the answers in the Answer Sheet (OMR Sheet) only after you are instructed to open the Question Booklet.
10. Candidates will leave the Examination Hall only after handing over the Answer Sheet (OMR Sheet) to the Invigilator at the end of the examination.
11. Before answering on Answer Sheet (OMR Sheet) ensure to follow the instructions given for that.

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

mpcareer.in

51. Harrison Clark proposed physical fitness, ................and culture development as the most important objectives of physical education.

(A) Cognitive efficiency

(B) Physiological efficiency

(C) Social efficiency

(D) Moral efficiency

52. Who considered philosophy as "Grouping of the Knowledge of Universals" ?

(A) Plato (B) Aristotle

(C) Socrates (D) Milo

53. In philosophy......................looks at the roots, nature and limits of knowledge.

(A) Axiology (B) Epistemology

(C) Metaphysics (D) Aesthetics

54. Who was the Originator of Progressivism ?

(A) Jean Piaget

(B) Jerome Brunner

(C) John Dewey

(D) William Wagley

51. हैरिसन क्लार्क ने शारीरिक शिक्षा के सबसे महत्त्वपूर्ण उद्देश्यों के रूप में शारीरिक फिटनेस, ..............और संस्कृति विकास का प्रस्ताव रखा।

(A) संज्ञानात्मक दक्षता

(B) शारीरिक दक्षता

(C) सामाजिक दक्षता

(D) नैतिक दक्षता

52. किसने दर्शनशास्त्र को 'सार्वभौमिक ज्ञान का समूह' माना था ?

(A) प्लेटो (B) अरस्तु

(C) सुकरात (D) मीलो

53. दर्शनशास्त्र में..................ज्ञान की जड़ों, प्रकृति और सीमाओं को देखता है ।

(A) मूल्यमीमांसा (B) ज्ञानमीमांसा

(C) मेटा-भौतिकी (D) सौंदर्यशास्त्र

54. प्रगतिशीलता के प्रवर्तक कौन थे ?

(A) जीन पियाजे

(B) जीरोम ब्रूनर

(C) जॉन डीवी

(D) विलियम वागले

mpcareer.in

55. 'A Code of Ethics for Professional Recreational Personal' was published in :

(A) Germany (B) Sweden

(C) Denmark (D) America

56. To bring the several schemes of physical education under one umbrella, a coordination committee (headed by Pt. H. N. Kunzru) was formed in............ .

(A) 1958 (B) 1959

(C) 1960 (D) 1961

57. The modern Olympic Games were started in the year............ .

(A) 1896 (B) 1796

(C) 1986 (D) 1696

58. During the closing ceremony of Tokyo 2020 Olympic Games..................Mayor of Paris, received the 2024-Olympic Flag from Governor of Tokyo.

(A) Gluseppe Sala

(B) Anna Hidalgo

(C) Barthelemy Dias

(D) Kim Jin-Tae

55. 'पेशेवर मनोरंजनात्मक व्यक्तियों के लिए नीति' कहाँ प्रकाशित हुई थी ?

(A) जर्मनी (B) स्वीडन

(C) डेनमार्क (D) अमेरिका

56. शारीरिक शिक्षा की विभिन्न योजनाओं को एक छाते के नीचे लाने के लिए एक कॉर्डिनेशन कमेटी का गठन (पं. एच. एन. कुंजरू की अध्यक्षता में) कब किया गया ?

(A) 1958 (B) 1959

(C) 1960 (D) 1961

57. मॉडर्न ओलंपिक गेम्स की शुरुआत किस वर्ष में हुई ?

(A) 1896 (B) 1796

(C) 1986 (D) 1696

58. टोक्यो 2020 ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में पेरिस के मेयर.............द्वारा टोक्यो के गवर्नर से 2024 ओलंपिक का झण्डा प्राप्त किया गया।

(A) ग्लूसेप्पे साला

(B) अन्ना हिडाल्गो

(C) बार्थेलेमी डायस

(D) किम जिन-ताई



mpcareer.in

59. Individuals with Disabilities Education Act (IDEA) was passed in.....................

(A) England (B) Russia

(C) Australia (D) USA

60. According to Boucherd, McPherson and Taylor (1992), there are at least...............clear concepts which spell out dimensions of Physical Education.

(A) 3 (B) 4

(C) 5 (D) 6

61. To which system do the brain, cerebrum, diencephalon and brain stem belong ?

(A) Peripheral Nervous System

(B) Central Nervous System

(C) Sensory-Motor Integration system

(D) Autonomic Nervous System

62. By which energy system is adenosine triphosphate generated ?

(A) ATP - PCR System

(B) Glycolytic System

(C) Oxidative System

(D) All of the above

59. विकलांग व्यक्तिगत शिक्षा अधिनियम कहाँ पारित किया गया था ?

(A) इंग्लैण्ड (B) रूस

(C) आस्ट्रेलिया (D) यू.एस.ए.

60. बुचर्ड, मैकफर्सन और टेलर (1992) के अनुसार कम से कम..........स्पष्ट अवधारणाएँ हैं जो शारीरिक शिक्षा के आयामों को स्पष्ट करती हैं।

(A) 3 (B) 4

(C) 5 (D) 6

61. मस्तिष्क, प्रमस्तिष्क, डाइनसीफेलोन एवं मस्तिष्क स्तम्भ (तना) किस प्रणाली से सम्बन्धित है ?

(A) परिधीय तंत्रिका तंत्र

(B) केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र

(C) संवेदी–मोटर एकीकरण प्रणाली

(D) स्वायत्त तंत्रिका तंत्र

62. किस ऊर्जा प्रणाली द्वारा एडीनोसिन ट्राइफॉस्फेट उत्पन्न होता है ?

(A) ए.टी.पी.–पी.सी.आर. तंत्र

(B) ग्लाइकोलाइटिक तंत्र

(C) ऑक्सीडेटिव तंत्र

(D) उपर्युक्त सभी

63. Which system is primarily responsible for physiological responses to any disturbance of homeostasis ?

(A) Nervous System

(B) Cardiac System

(C) Endocrine System

(D) Respiratory System

64. Which is not the heat related disorder in athletes ?

(A) Heat Cramps

(B) Heat Exhaustion

(C) Heat Stroke

(D) Profouse Sweating

65. Which among the following is the side effect of accelerated strength loss in human being ?

(A) Weight Loss (B) Stroke

(C) Diabetes (D) All of these

66. Which of the following is the strongest result of cigarette smoking either active or passive ?

(A) Coronary Heart Disease

(B) Kidney Failure

(C) Liver Disease

(D) Brain Stroke

63. होमियोस्टैसिस में किसी भी गड़बड़ी से होने वाली शारीरिक प्रतिक्रियाओं के लिए कौनसी प्रणाली मुख्य रूप से जिम्मेदार है ?

(A) तंत्रिका तंत्र

(B) हृदय प्रणाली

(C) अन्तःस्त्रावी तंत्र

(D) श्वसन तंत्र

64. निम्नलिखित में से कौनसा एथलीटों में ऊष्मा से सम्बन्धित विकार नहीं है ?

(A) ऊष्मीय अकड़न

(B) गर्मी से शून्यीकरण

(C) ऊष्मीय आघात

(D) अत्यधिक पसीना आना

65. निम्नलिखित में से कौनसा मानव में त्वरित शक्ति हानि का दुष्प्रभाव है ?

(A) वजन कम होना (B) आघात

(C) मधुमेह (D) ये सभी

66. निम्नलिखित में से कौनसा सक्रिय या निष्क्रिय सिगरेट पीने का सबसे मजबूत परिणाम है ?

(A) हृदय धमनी रोग

(B) किडनी फेल होना

(C) यकृत रोग

(D) मस्तिष्क आघात

mpcareer.in

67. Which one is the fuel for Central Nervous System ?

(A) Carbohydrate (B) Fat

(C) Protein (D) Vitamins

68. Which one is the branch of study of aging ?

(A) Dermetology (B) Histology

(C) Cytology (D) Gerontology

69. To which category do the blood doping, oxygen supplementation and phosphate loading belong ?

(A) Therapeutic modalities

(B) Massage therapy

(C) Corrective and Rehabilitation

(D) Ergogenic aids

70. What are amphetamine, B-blockers and caffeine diuretic ?

(A) Pharmacological agents

(B) Hormonal agents

(C) Nutritional agents

(D) Physiological agents

67. कौनसा केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र के लिए ईंधन है ?

(A) कार्बोहाइड्रेट (B) वसा

(C) प्रोटीन (D) विटामिन

68. वृद्धावस्था के अध्ययन की कौनसी शाखा है ?

(A) डर्मेटोलॉजी (B) हिस्टोलॉजी

(C) साइटोलॉजी (D) जेरोन्टोलॉजी

69. रक्त डोपिंग, ऑक्सीजन पूरकता और फॉस्फेट लोडिंग किस श्रेणी में आता है ?

(A) चिकित्सकीय तौर-तरीके

(B) मालिश चिकित्सा

(C) सुधारात्मक एवं पुनर्वास

(D) एर्गोजेनिक ऐड

70. एम्फेटेमाइन, बी-ब्लॉकर्स एवं कैफीन मूत्रवर्धक क्या है ?

(A) औषधीय वाहक

(B) हार्मोनल वाहक

(C) न्यूट्रीशनल वाहक

(D) दैहिकी वाहक

71. The Frontal Plane is also known as :

(A) Anterioposterior plane

(B) Coronal plane

(C) Oblique plane

(D) Horizontal plane

72. Lateral Flexion of the head movement is done in which of the following axis ?

(A) Anterioposterior axis

(B) Mediolateral axis

(C) Vertical axis

(D) Frontal Horizontal axis

73. Hinge joint is also known as :

(A) Trochoid

(B) Ellipsoidal

(C) Arthrodial

(D) Ginglymus

74. Thin membrane that lines the inner surface of the bone within the medullary cavity is known as :

(A) Epiphysis

(B) Endosteum

(C) Periosteum

(D) Epiphyseal

71. फ्रंटल प्लेन (सतह) को निम्नलिखित रूप से भी जाना जाता है :

(A) एंटिरियोपोस्टिरियर प्लेन (अग्रपश्च सतह)

(B) कोरोनल प्लेन

(C) ऑब्लिक प्लेन (तिरछी सतह)

(D) होरिजोंटल प्लेन (क्षैतिज सतह)

72. सिर का लेटरल फ्लेक्शन मूवमेंट निम्नलिखित में से किस अक्ष (एक्सिस) पर होता है ?

(A) एंटेरियोपोस्टिरियर एक्सिस (अग्रपश्च अक्ष)

(B) मिडियोलेटरल एक्सिस (मध्य पार्श्विक अक्ष)

(C) वर्टिकल एक्सिस (ऊर्ध्वाधर अक्ष)

(D) फ्रंटल होरिजोंटल एक्सिस (ललाट क्षैतिज अक्ष)

73. हिंज जोड़ को निम्नलिखित रूप में भी जाना जाता है ?

(A) ट्रोकॉइड

(B) एलिप्सोइडल

(C) आर्थ्रोडियल

(D) गिंगलीमस

74. मज्जा गुहा के भीतर अस्थि की आंतरिक सतह को रेखाबद्ध करने वाली पतली झिल्ली क्या कहलाती है ?

(A) एपिफीसिस

(B) एंडोस्टेम

(C) पेरिओस्टेम

(D) एपिफेसील



mpcareer.in

75. Oblique popliteal ligament is found on which of the following joints ?

(A) Shoulder (B) Hip

(C) Knee (D) Elbow

76. Which of the following muscle is *not* the part of Pes Anserine Tendon located at the proximal Anteromedial Tibia ?

(A) Semitendinosus

(B) Semimembranosus

(C) Sartorius

(D) Gracilis

77. Which of the following is not the part of stance phase of walking gait cycle ?

(A) Mid Stance

(B) Toe Off

(C) Heal Strike

(D) Mid Swing

78. Which of the following is incorrect ?

(A) Mass - Scalar Quantity

(B) Weight - Vector Quantity

(C) Force - Vector Quantity

(D) Displacement - Scalar Quantity

75. ऑब्लिक पोपलिटिल लिगामेंट निम्नलिखित में से किस जोड़ पर पाया जाता है ?

(A) कंधे (B) कूल्हे

(C) घुटने (D) कोहनी

76. निम्नलिखित में से कौनसी मांसपेशी समीपस्थ एन्टेरोमीडियल टिबिया में स्थित पेस एंसेरिन टेण्डन (कण्डरा) का हिस्सा नहीं है ?

(A) सेमीटेण्डिनोसस

(B) सेमीमेम्ब्रेनोसस

(C) सार्टोरियस

(D) ग्रासिलिस

77. निम्नलिखित में से कौनसा चलने के गैट चक्र के रुख (स्टांस) चरण का हिस्सा नहीं है ?

(A) मिड स्टांस

(B) टो ऑफ

(C) हील स्ट्राइक

(D) मिड स्विंग

78. निम्नलिखित में से कौनसा सही नहीं है ?

(A) द्रव्यमान – अदिश राशि

(B) वजन – सदिश राशि

(C) बल – सदिश राशि

(D) विस्थापन – अदिश राशि

mpcareer.in

79. The product of a force and the time over which this force acts will produce a change in the velocity of the mass. This product of force and time is known as :

(A) Momentum

(B) Impulse

(C) Acceleration

(D) Conservation of momentum

80. Which of the following is an *incorrect* statement about projectile ?

(A) Horizontal velocity remains same throughout the flight.

(B) Vertical velocity keeps on changing during flight.

(C) During ascent phase of the flight vertical velocity increases.

(D) Range is directly proportional to the velocity.

81. The first Sports Psychology Laboratory was founded by Dr. Carl Diem in Berlin in the early..................... .

(A) 2001s (B) 1930s

(C) 1920s (D) 1950s

79. किसी बल और वह समय जिसके दौरान यह बल कार्य करता है, का गुणनफल द्रव्यमान के वेग में परिवर्तन उत्पन्न करेगा । बल और समय के इस गुणनफल को कहते हैं :

(A) गतिमात्रा (संवेग)

(B) आवेग

(C) त्वरण

(D) संवेग का संरक्षण

80. प्रक्षेप्य के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा कथन **सही नहीं** है ?

(A) क्षैतिज वेग पूरी उड़ान में समान रहेगा ।

(B) ऊर्ध्वाधर वेग पूरी उड़ान में बदलता रहेगा ।

(C) उड़ान के चढ़ाई चरण में ऊर्ध्वाधर वेग बढ़ता है ।

(D) सीमा (रेंज) वेग के समान अनुपातिक होती है ।

81. पहली खेल मनोविज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना डॉ. कार्ल डीम ने बर्लिन में......................के आरंभ में की ।

(A) 2001 के दशक (B) 1930 के दशक

(C) 1920 के दशक (D) 1950 के दशक

82. The three types of goals in Sports Psychology are :

(A) Process goals, Performance goals, Outcome goals

(B) Process goals, Individual goals, Social goals

(C) Individuals goals, Process goals, Group goals

(D) Group goals, Process goals, Performance goals

83. According to Chase and Ericsson (1982) three principles required for extraordinary skilled memory are :

(A) Mnemonic encoding principle (organization), Retrieval structure principle (access) and Speed-up principle (speed)

(B) Mnemonic encoding principle (organization), Retrieval structure principle (access) and Irregular principle

(C) Mnemonic encoding principle (organization), Retrieval structure principle (access) and Principle of unity

(D) Mnemonic encoding principle (organization), Retrieval structure principle (access) and Principle of opportunity

82. खेल मनोविज्ञान में लक्ष्य के तीन प्रकार हैं :

(A) प्रक्रिया लक्ष्य, प्रदर्शन लक्ष्य, परिणाम लक्ष्य

(B) प्रक्रिया लक्ष्य, व्यक्तिगत लक्ष्य, सामाजिक लक्ष्य

(C) व्यक्तिगत लक्ष्य, प्रक्रिया लक्ष्य, समूह लक्ष्य

(D) समूह लक्ष्य, प्रक्रिया लक्ष्य, प्रदर्शन लक्ष्य

83. चेस एवं एरिक्सन (1982) के अनुसार विलक्षण एवं कुशल स्मृति के लिए तीन सिद्धान्त हैं :

(A) स्मरणीय एन्कोडिंग सिद्धान्त (संगठन), पुनर्प्राप्ति संरचना सिद्धान्त (पहुँच) एवं गति बढ़ाओ सिद्धांत (गति)

(B) स्मरणीय एन्कोडिंग सिद्धान्त (संगठन), पुनर्प्राप्ति संरचना सिद्धांत (पहुँच) एवं अनियमित सिद्धांत

(C) स्मरणीय एन्कोडिंग सिद्धान्त (संगठन), पुनर्प्राप्ति संरचना सिद्धांत (पहुँच) एवं एकता का सिद्धान्त

(D) स्मरणीय एन्कोडिंग सिद्धान्त (संगठन), पुनर्प्राप्ति संरचना सिद्धांत (पहुँच) एवं अवसरवादिता का सिद्धान्त



mpcareer.in

84. Declarative or explicit memory is the conscious storage and recollection of :

(A) Data (B) Feelings

(C) Pictures (D) Emotions

85. A group in which different members arrive and leave each week is :

(A) Close ended group

(B) Family group

(C) Strategic group

(D) Open-ended group

86. Word 'Competition' has been derived from a Latin word 'Competers', which means. :

(A) To guide and instruct someone

(B) Seeking something together

(C) Seeking something individually

(D) To dominate someone

87. Which one is *not* the importance of leadership ?

(A) Initiates action

(B) Motivation

(C) Providing guidance

(D) Dominating

84. घोषणात्मक या स्पष्ट स्मृति सचेत भंडारण और स्मरण है :

(A) डाटा का (B) संवेदनाओं का

(C) चित्रों का (D) भावनाओं का

85. समूह जिसमें प्रत्येक सप्ताह अलग-अलग सदस्य आते और जाते हैं :

(A) बंद समूह

(B) पारिवारिक समूह

(C) रणनीतिक समूह

(D) खुला समूह

86. 'प्रतियोगिता' शब्द लैटिन शब्द 'कॉमपिटर्स' से लिया गया है, जिसका अर्थ है :

(A) किसी को निर्देश या मार्गदर्शन देना

(B) साथ मिलकर कुछ खोजना

(C) व्यक्तिगत रूप से कुछ खोज़ना

(D) किसी पर हावी होना

87. इनमें से कौनसा नेतृत्व का महत्त्व नहीं है ?

(A) कार्यवाई आंरभ करना

(B) प्रेरणा

(C) मार्गदर्शन प्रदान करना

(D) हावी होना

88. Behavioural and cognitive theories are contributed by :

a- B. F. Skinner

b- John Watson

c- Marry Rose

d- W. F. William

**Codes :**

(A) d & a (B) b & c

(C) c & d (D) a & b

89. Effect of high level of anxiety are :

a- It produces a high drive level that facilitates learning.

b- It eases the player.

c- Arouse a number of competing responses that may interfere with learning.

d- It puts no demand on player to response better in competition.

**Codes :**

(A) a and b (B) a and c

(C) a and d (D) c and b

90. The factors which influence the performance of an individual during competition are :

(A) Achievement motivation

(B) Emotional maturity

(C) Social and cultural factors

(D) All of the above

88. व्यावहारिक और संज्ञानात्मक सिद्धान्तों का योगदान दिया है :

a- बी. एफ. स्किनर ने

b- जॉन वाटसन ने

c- मैरी रोज ने

d- डब्ल्यू. एफ. विलियम ने

**कोड :**

(A) d और a (B) b और c

(C) c और d (D) a और b

89. उच्च स्तर की चिंता के प्रभाव हैं :

a- यह उच्च प्रेरणा स्तर उत्पन्न करती है जिससे सीखने में आसानी होती है ।

b- इससे खिलाड़ी को आसानी होती है ।

c- कई प्रतिस्पर्धी प्रतिक्रियाएँ उत्पन्न हो सकती हैं जो सीखने में बाधा उत्पन्न कर सकती है ।

d- यह खिलाड़ियों पर बेहतर प्रदर्शन करने की कोई माँग नहीं रखती है ।

**कोड :**

(A) a और b (B) a और c

(C) a और d (D) c और b

90. प्रतियोगिता के दौरान किसी व्यक्ति के प्रदर्शन को प्रभावित करने वाले कारक हैं :

(A) उपलब्धि अभिप्रेरणा

(B) भावनात्मक परिपक्वता

(C) सामाजिक और सांस्कृतिक कारक

(D) उपर्युक्त सभी

91. Select the correct option out of given codes on the basis of the following statements :

(1) Pt. Deendayal Upadhyay National Welfare Fund program is set for sportspersons.

(2) It was set up in March 1982 with aim to assisting outstanding sports person of yesteryear.

(3) This scheme was started in August 2002.

(4) This program/scheme was revised in September 2017.

**Codes :**

(A) (1) and (2)

(B) (1), (2) and (3)

(C) (3) and (4)

(D) (1), (2) and (4)

91. नीचे दिए गए कथनों के आधार पर उपलब्ध कूटों से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) पं. दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण निधि कार्यक्रम खिलाड़ियों के लिए बनाया गया है ।

(2) इसको पूर्व उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सहायता हेतु मार्च 1982 में स्थापित किया गया ।

(3) इस योजना को अगस्त 2002 में प्रारम्भ किया गया ।

(4) इस कार्यक्रम/स्कीम को सितम्बर 2017 में संशोधित किया गया ।

**कूट :**

(A) (1) और (2)

(B) (1), (2) और (3)

(C) (3) और (4)

(D) (1), (2) और (4)

mpcareer.in

92. Match the following Lists and select the correct option from the given codes :

| List I | List II |
|---|---|
| a. First National Sports Policy | 1. August, 1984 |
| b. 'Fit India' Movement | 2. August, 2019 |
| c. Sports Authority of India | 3. January, 1984 |
| d. 'Khelo India' Cabinet Approval | 4. September, 2018 |
| | 5. September, 2017 |
| | 6. August, 2017 |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 5 | 4 |
| (B) | 2 | 1 | 6 | 5 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 5 |
| (D) | 3 | 5 | 1 | 6 |

92. निम्नलिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए तथा दिए कूट से सही विकल्प चुनिए :

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| a. प्रथम राष्ट्रीय खेल पॉलिसी/नीति | 1. अगस्त, 1984 |
| b. 'फिट इण्डिया' मूवमेंट | 2. अगस्त, 2019 |
| c. भारतीय खेल प्राधिकरण | 3. जनवरी, 1984 |
| d. 'खेलो इण्डिया' अनुमोदन (कैबिनेट) | 4. सितम्बर, 2018 |
| | 5. सितम्बर, 2017 |
| | 6. अगस्त, 2017 |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 5 | 4 |
| (B) | 2 | 1 | 6 | 5 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 5 |
| (D) | 3 | 5 | 1 | 6 |



mpcareer.in

93. To spread awareness and promote fitness through physical activities of 'FIT India' head office/division is situated at ?

(A) SAI headquarters

(B) Sports ministry

(C) Sports-Youth Department, Government of India

(D) Nehru Yuvak Central Office

94. Select the correct option from the codes below on the given statements :

1. Shree Hanuman Vyayam Prasarak Mandal gave demonstration of indigenous Indian physical culture at Lingiad in 1949.

2. At Philanthropium, John Simon, was the first Physical Education Teacher, who engaged the entire school for an hour in the morning and two hours in the afternoon activities and sports.

**Codes :**

(A) Only 1

(B) Only 2

(C) Both 1 and 2

(D) Neither 1 nor 2

93. स्वस्थता/दक्षता को विभिन्न शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से जागरूक एवं प्रोत्साहित करने हेतु 'फिट इण्डिया' मुख्य कार्यालय/प्रभाग का कार्यालय कहाँ स्थित है ?

(A) साई मुख्यालय

(B) खेल मंत्रालय

(C) खेल-युवा विभाग, भारत सरकार

(D) नेहरू युवक केन्द्रीय कार्यालय

94. सही कथनों के आधार पर दिए गए कूटों में से उचित विकल्प चुनिए :

1. लिंगयाड (1949) में श्री हनुमान व्यायाम प्रसारक मण्डल के द्वारा भारतीय देशज शारीरिक संस्कृति का प्रदर्शन किया गया था ।

2. फिलिनथ्रोपिएम में, जॉन सिमॉन, प्रथम शारीरिक शिक्षा शिक्षक थे जो पूरे विद्यालय को विभिन्न शारीरिक गतिविधियों तथा खेलों में भाग लेने के लिए प्रातः एक तथा दोपहर बाद में दो घण्टे व्यस्त रखते थे ।

**कूट :**

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) दोनों 1 तथा 2

(D) ना तो 1 ना ही 2

**95.** Which committee stated in 1961 that Physical Education should be made an integral part of learning experience in schools and a curricular subject for undergraduate at university level education ?

(A) Ad-Hoc Inquiry Committee

(B) Kaul Kapoor Committee

(C) SNIPES

(D) CABPER

**96.** Select the correct option on the basis of the given statements :

1. According to the Gazette of India, 2 May, 2016 the new degrees have been specified in the field of sports sciences.

2. B.P.E.S. degree shall accordingly restructure in the form of BPE.

**Codes :**

(A) Only 1

(B) Only 2

(C) Both 1 and 2

(D) None of the above

**95.** कौनसी समिति ने 1961 में यह कहा कि शारीरिक शिक्षा विद्यालयों में सीखने के अनुभव का अंगभूत/समग्र भाग होने के साथ विश्वविद्यालय शिक्षा में स्नातक स्तर पर एक पाठ्यक्रम विषय होना चाहिए ?

(A) तदर्थ पूछताछ समिति

(B) कौल कपूर समिति

(C) स्नाइप्स

(D) कैबपर

**96.** निम्नलिखित कथनों के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए :

1. भारत के राजपत्र, 2 मई, 2016 के अनुसार खेलकूद विज्ञान में नवीन डिग्रियाँ/उपाधियाँ विनिर्दिष्ट की गई हैं ।

2. बी.पी.ई.एस. की उपाधि को बी.पी.ई. के रूप में पुनर्गठित होना चाहिए ।

**कूट :**

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) दोनों 1 तथा 2

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

97. Which of the following is correct about curriculum ?

1. It is derived from Latin root word 'Race Course'.
2. It is a structural series of intended learning outcome.

**Codes :**

(A) Only 1

(B) Only 2

(C) Both 1 and 2

(D) None of the above

98. Select the correct pair/pairs with reference to the evaluation in the curriculum.

1. Formative evaluation - Before learning
2. Summative evaluation - After learning
3. Diagnostic evaluation - During learning

(A) Only 1

(B) Only 2

(C) Both 1 and 2

(D) Both 2 and 3

97. पाठ्यचर्या के सम्बन्ध में क्या सही है ?

1. यह एक लैटिन शब्दमूल 'रेस कोर्स' से सम्बन्धित है ।
2. यह इच्छित सीखने के परिणामों की संरचनात्मक श्रृंखला है ।

**कूट :**

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) दोनों 1 तथा 2

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

98. पाठ्यचर्या में मूल्यांकन के संदर्भ में सही युग्म/युग्मों का चयन कीजिए :

1. रचनात्मक मूल्यांकन – सीखने से पूर्व
2. योगात्मक मूल्यांकन – सीखने के बाद
3. नैदानिक मूल्यांकन – सीखने के दौरान

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) दोनों 1 तथा 2

(D) दोनों 2 तथा 3



mpcareer.in

99. To equip students with knowledge, skills, values, attitudes, leadership qualities and lifelong learning with reference to curriculum development UGC discussed in July, 2018 and proposed :

(A) Teaching Curriculum Policy

(B) Primary level curriculum format

(C) Professional teaching curriculum format

(D) Learning outcome curriculum framework

99. विद्यार्थियों को ज्ञान, कुशलता, मूल्यों, दृष्टिकोण, नेतृत्व के गुणों तथा जीवनपर्यन्त सीखने के लिए पाठ्यक्रम विकास के सन्दर्भ में यू.जी. सी. ने जुलाई, 2018 में विचार-विमर्श किया तथा प्रस्तावित किया :

(A) शिक्षण पाठ्यक्रम नीति

(B) प्राथमिक स्तर पाठ्यक्रम प्रारूप

(C) व्यावसायिक शिक्षण पाठ्यक्रम प्रारूप

(D) अधिगम परिणाम पाठ्यक्रम प्रारूप

100. To do physical activities, which is not considered as pupil's classification ?

(A) Frozen method

(B) Hariharan and Tirunarayan method

(C) McCloy's method

(D) Madras formula for Indian schools

100. शारीरिक क्रियाओं को करने के लिए छात्रों का वर्गीकरण निम्नलिखित में से कौनसा नहीं है ?

(A) फ्रोजन विधि

(B) हरिहरन और तिरुनारायण विधि

(C) मैक्क्लाय विधि

(D) मद्रास फार्मूला फॉर इण्डियन स्कूल्स

101. I. Protein is a chemical combination of carbon, oxygen, hydrogen and nitrogen.

II. Of the three basic nutrients protein and carbohydrate are completely essential to the body.

(A) Both statements are true.

(B) Statement I is true and statement II is false.

(C) Statement I is false and statement II is true.

(D) Both statements are false.

101. I. प्रोटीन एक रासायनिक संयोजन है, कार्बन, ऑक्सीजन, हाइड्रोजन एवं नाइट्रोजन का।

II. तीन बुनियादी पोषक तत्वों में से प्रोटीन और क़ार्बोहाइड्रेट शरीर के लिये पूरी तरह से आवश्यक हैं ।

(A) दोनों कथन सत्य हैं ।

(B) कथन I सत्य तथा कथन II असत्य है।

(C) कथन I असत्य तथा कथन II सत्य है।

(D) दोनों कथन असत्य हैं ।



mpcareer.in

102. I. Injuries heal faster on a well balanced diet.

II. Vitamin E being particularly important.

(A) Both statements are true.

(B) Statement I is true and statement II is false.

(C) Statement II is true and statement I is false.

(D) Both statements are false.

103. ................occurs most often in flat bones such as those found is skull.

(A) Simple fracture

(B) Impact fracture

(C) Depressed fracture

(D) Stress fracture

104. ..................is defined as "A state of affair involving demand on physical and mental energy".

(A) Stress

(B) Anxiety

(C) Depression

(D) Motivation

102. I. संतुलित आहार से चोट तेजी से ठीक होती है ।

II. विटामिन E विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है।

(A) दोनों कथन सत्य हैं ।

(B) कथन I सत्य तथा कथन II असत्य है।

(C) कथन II सत्य तथा कथन I असत्य है।

(D) दोनों कथन असत्य हैं ।

103. ......................अक्सर चपटी हड्डियों में होता है जैसा कि खोपड़ी में पाई जाने वाली हड्डियों में ।

(A) साधारण फ्रैक्चर

(B) संघात फ्रैक्चर

(C) अवसादग्रस्त फ्रैक्चर

(D) तनाव फ्रैक्चर

104. ......................को "शारीरिक या मानसिक ऊर्जा की माँग से जुड़ी स्थिति के रूप में" परिभाषित किया गया है ।

(A) तनाव

(B) चिंता

(C) अवसाद

(D) प्रेरणा

105. How much amount of copper does a healthy human body have ?

(A) 100 - 150 mg

(B) 200 - 250 mg

(C) 300 - 350 mg

(D) 30 - 60 mg

106. ......................play an important role in the metabolic adaptation to starvation.

(A) Lungs

(B) Heart

(C) Kidney

(D) Stomach

107. ....................is the principal source of energy for muscle contraction.

(A) Protein

(B) Fat

(C) Carbohydrate

(D) Water

108. Physical stress may require additional..................... .

(A) Vitamin A (B) Vitamin B

(C) Vitamin C (D) Vitamin D

105. एक स्वस्थ वयस्क शरीर में कॉपर की कितनी मात्रा पाई जाती है ?

(A) 100 - 150 mg

(B) 200 - 250 mg

(C) 300 - 350 mg

(D) 30 - 60 mg

106. भुखमरी के लिये चयापचय अनुकूलन में..................एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

(A) फेफड़े

(B) हृदय

(C) वृक्क

(D) पेट

107. ......................पेशीय संकुचन के लिये ऊर्जा का प्रमुख स्त्रोत है ।

(A) प्रोटीन

(B) वसा

(C) कार्बोहाइड्रेट

(D) पानी

108. शारीरिक तनाव के लिये अतिरिक्त..................की आवश्यकता हो सकती है ।

(A) विटामिन A (B) विटामिन B

(C) विटामिन C (D) विटामिन D

109. The central nervous system requires...............glucose in 24 hrs.

(A) 315 g

(B) 215 g

(C) 115 g

(D) 15 g

109. केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र को 24 घंटे में.............ग्लूकोज की आवश्यकता होती है ।

(A) 315 ग्राम

(B) 215 ग्राम

(C) 115 ग्राम

(D) 15 ग्राम

110. As per WHO if BMI index of 20-year male is 24.5, then the Person will come under the category of...................... .

(A) Obese Class III

(B) Obese Class II

(C) Thin

(D) Normal

110. विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित बी.एम.आई. सूचकांक का मान यदि 20 वर्ष के किसी पुरुष में 24.5 है, तो वह व्यक्ति.............श्रेणी में होगा ।

(A) मोटा श्रेणी .III

(B) मोटा श्रेणी II

(C) दुबला

(D) सामान्य

111. To increase buffering capacity the training plan must stimulate the accumulation of :

(A) Glycogen

(B) Calcium

(C) Hydrogen Ion

(D) Potassium Chloride

111. बफरिंग क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण योजना को निम्नलिखित में से किसके संचय को प्रोत्साहित करना चाहिए ?

(A) ग्लाइकोजन

(B) कैल्सियम

(C) हाइड्रोजन आयन

(D) पोटेशियम क्लोराइड

112. Modification of action sequence upon observation of novel or changing condition and situations is called :

(A) Adaptive ability

(B) Combinatory ability

(C) Orientation ability

(D) Rhythm ability

113. Which is not an objective means of judgement of load ?

(A) Body Weight

(B) Heart Rate

(C) Sweeting

(D) Oxygen Consumption

114. Third phase of recovery takes time of :

(A) 2 - 3 hours

(B) 3 - 5 hours

(C) 1 - 3 hours

(D) Several hours to several days

112. नई अथवा बदलती स्थितियों के अवलोकन या प्रत्याशा पर क्रिया-क्रम में संशोधन कौनसी क्षमता कहलाती है ?

(A) अनुकूली क्षमता

(B) संयोजन क्षमता

(C) अभिविन्यास क्षमता

(D) लय क्षमता

113. इनमें से कौनसा आयाम भार के निर्णय का वस्तुनिष्ठ साधन नहीं है ?

(A) शरीर का वजन

(B) हृदय दर

(C) पसीने की मात्रा

(D) प्राणवायु की खपत

114. पुनःप्राप्ति (रिकवरी) के तीसरे चरण में समय लगता है :

(A) 2 - 3 घंटे

(B) 3 - 5 घंटे

(C) 1 - 3 घंटे

(D) कई घंटों से लेकर कई दिनों तक



mpcareer.in

115. Autogenous training is included in which kind of recovery means ?

(A) Nutritional

(B) Psychological

(C) Physio-therapeutic

(D) Physical

116. Which loading procedure is also called Oxford method ?

(A) Progressive - Regressive

(B) Decreasing Resistance - Constant Repetitions

(C) Contrast Method

(D) Increasing Resistance

117. Maintaining maximum speed for maximum duration is known as :

(A) Movement Speed

(B) Acceleration Speed

(C) Locomotor Ability

(D) Speed Endurance

115. ऑटोजेनेस ट्रेनिंग किस तरह के रिकवरी माध्यम में शामिल है ?

(A) पोषक

(B) मनोवैज्ञानिक

(C) भौतिक चिकित्सा

(D) शारीरिक

116. किस लोडिंग प्रक्रिया को ऑक्सफोर्ड विधि के रूप में भी जाना जाता है ?

(A) प्रोग्रेसिव – रिग्रेसिव प्रक्रिया.

(B) डिक्रीजिंग रेसिस्टेन्स – कॉन्सटैन्ट रिपीटिशन

(C) कंट्रास्ट प्रक्रिया

(D) इनक्रीजिंग रेसिस्टेन्स

117. अधिकतम अवधि के लिए अधिकतम गति बनाए रखने को कहते हैं :

(A) मूवमेंट स्पीड

(B) एक्सलरेशन स्पीड

(C) लोकोमोटर क्षमता

(D) गति सहनशक्ति

**118.** Automatisation of motor action is :

(A) Technique (B) Skill

(C) Tactics (D) Style

**119.** The longest period of periodisation is :

(A) Preparatory Phase

(B) Pre-competition Phase

(C) Competition Phase

(D) Transition Phase

**120.** When the time between two stimuli is too long, then it is called :

(A) Supercompensation

(B) Heterochronicity

(C) Homochronicity

(D) Involution

**121.** Who was the first person to use the term 'Variance' ?

(A) R. A. Fisher

(B) Jack K. Nelson

(C) Jerry R. Thomas

(D) Stephen J. Silverman

**118.** मोटर क्रिया का स्वचालन है :

(A) तकनीक (B) कौशल

(C) युक्ति (D) शैली

**119.** आवर्तीकरण की सबसे लम्बी अवधि है :

(A) तैयारी की अवधि

(B) पूर्व–प्रतियोगिता अवधि

(C) प्रतियोगिता अवधि

(D) संक्रमण अवधि

**120.** जब दो उद्दीपकों के बीच का समय बहुत अधिक होता है तो उसे कहा जाता है :

(A) सुपरकम्पेनसेशन

(B) हिटेरोक्रॉनिसिटी

(C) होमोक्रॉनिसिटी

(D) इनवोल्युशन

**121.** 'विचरण' शब्द का प्रयोग करने वाले प्रथम व्यक्ति कौन थे ?

(A) आर. ए. फिशर

(B) जैक के. नेल्सन

(C) जेरी आर. थॉमस

(D) स्टीफन जे. सिल्वरमैन

mpcareer.in

122. Which of the following is not a Complex Random Sampling design ?

(A) Systematic sampling

(B) Stratified sampling

(C) Quota sampling

(D) Cluster sampling

123. Write the steps of the literature search in ascending order :

A. Search Preliminary Sources

B. Consult Secondary Sources

C. Determine Descriptors

D. Write the Problem Statement

(A) B, C, D, A (B) A, B, C, D

(C) D, B, C, A (D) A, B, D, C

124. Which of the following principle of experimental design was *not* enumerated by professor R. A. Fisher ?

(A) Principle of Replication

(B) Principle of Standard

(C) Principle of Randomization

(D) Principle of Local Control

122. निम्नलिखित में से कौनसा जटिल यादृच्छिक नमूनाकरण डिजाइन नहीं है ?

(A) व्यवस्थित नमूनाकरण

(B) स्तरीकृत नमूनाकरण

(C) कोटा नमूनाकरण

(D) क्लस्टर नमूनाकरण

123. साहित्य खोज के चरणों को आरोही क्रम में लिखिए :

A. प्रारंभिक स्रोत खोजें

B. द्वितीयक स्रोत से परामर्श लें

C. वर्णनकर्ता निर्धारित करें

D. समस्या विवरण लिखें

(A) B, C, D, A (B) A, B, C, D

(C) D, B, C, A (D) A, B, D, C

124. प्रायोगिक डिजाइन का निम्नलिखित में से कौनसा सिद्धांत प्रोफेसर आर. ए. फिशर द्वारा नहीं गिनाया गया ?

(A) रेप्लीकेशन का सिद्धांत

(B) मानक का सिद्धांत

(C) यादृच्छिकीकरण का सिद्धांत

(D) स्थानीय नियंत्रण का सिद्धांत

**125.** Which one is *not* a criteria of good research ?

(A) Good research is systematic

(B) Good research is discrete

(C) Good research is empirical

(D) Good research is logical

**126.** Which of the following analysis are involved when we make a reference of multivariate analysis ?

(i) Multivariate analysis of variance

(ii) Multivariate regression analysis

(iii) Multiple discriminant analysis

(iv) Canonical analysis

**Codes :**

(A) (i), (ii)

(B) (i), (ii), (iv)

(C) (i), (ii), (iii), (iv)

(D) (iii), (iv)

**127.** Which of the following is not a measure of central tendency ?

(A) Mean (B) Range

(C) Median (D) Mode

**125.** कौनसा अच्छे शोध का मापदंड **नहीं** है ?

(A) अच्छा शोध व्यवस्थित होता है

(B) अच्छा शोध पृथक होता है

(C) अच्छा शोध अनुभवजन्य होता है

(D) अच्छा शोध तार्किक होता है

**126.** जब हम बहुभिन्नरूपी विश्लेषण का संदर्भ देते हैं तो निम्नलिखित में से कौनसे विश्लेषण शामिल होते हैं ?

(i) विचरण का बहुभिन्नरूपी विश्लेषण

(ii) बहुभिन्नरूपी प्रतिगमन विश्लेषण

(iii) एकाधिक विभेदक विश्लेषण

(iv) विहित विश्लेषण

**कूट :**

(A) (i), (ii)

(B) (i), (ii), (iv)

(C) (i), (ii), (iii), (iv)

(D) (iii), (iv)

**127.** निम्नलिखित में से कौनसा केंद्रीय प्रवृत्ति का माप नहीं है ?

(A) माध्य (B) सीमा

(C) माध्यिका (D) बहुलक

mpcareer.in

128. How many types of error are there in context of hypothesis testing ?

(A) 1 (B) 2

(C) 3 (D) 4

129. "In general words questionnaire refers to a device for securing answer to questions by using the form which the respondent fills in himself." This definition is given by whom ?

(A) Barr and David

(B) Johnson

(C) Goode and Hatt

(D) Frank J. Smith

130. Which of the following are the examples of Qualitative Data ?

(i) Motivation

(ii) Aptitude

(iii) Honesty

(iv) Height

**Code :**

(A) (i), (ii)

(B) (i), (ii), (iii)

(C) (i), (iii)

(D) (iii), (iv)

128. परिकल्पना परीक्षण के संदर्भ में त्रुटि कितने प्रकार की होती हैं ?

(A) 1 (B) 2

(C) 3 (D) 4

129. "सामान्य शब्दों में प्रश्नावली उस फॉर्म का उपयोग करके प्रश्नों के उत्तर सुरक्षित करने के उपकरण को संदर्भित करती है, जिसे प्रतिवादी स्वयं भरता है।" यह परिभाषा किसके द्वारा दी गयी है ?

(A) बार और डेविड

(B) जॉनसन

(C) गुडे और हाट

(D) फ्रैंक जे. स्मिथ

130. निम्नलिखित में से कौनसे गुणात्मक डाटा के उदाहरण हैं ?

(i) प्रेरणा

(ii) योग्यता

(iii) ईमानदारी

(iv) ऊँचाई

**कूट**

(A) (i), (ii)

(B) (i), (ii), (iii)

(C) (i), (iii)

(D) (iii), (iv)

131. What will be the Physical Fitness Index of a college boy having completed Harvard steps test for 5 minutes and a pulse rate of 85 beats from 1 to 1.5 min, 70 beats for 2 to 2.5 min and 45 beats for 3 to 3.5 min ?

(A) 65 (B) 75

(C) 85 (D) 95

132. Squat Thrust or four count Burpees test is used to assess which ability ?

(A) Speed

(B) Power

(C) Agility

(D) Speed Endurance

133. If a man with height 1.55 meter is having a BMI of 26.25, then what will be his height ?

(A) 53 kg

(B) 63 kg

(C) 73 kg

(D) None of the above

131. एक कॉलेज विद्यार्थी जिसने 5 मिनट अवधि का हारवर्ड स्टेप परीक्षण पूर्ण किया हो और उसकी नाड़ी दर 1 से 1.5 मिनट पर 85, 2 से 2.5 मिनट पर 70 एवं 3 से 3.5 मिनट पर 45 रही हो, उसका शारीरिक दक्षता सूचकांक क्या होगा ?

(A) 65 (B) 75

(C) 85 (D) 95

132. स्क्वाट थ्रस्ट या फोर काउंट बर्पी परीक्षण का उपयोग किस क्षमता का आकलन करने के लिए किया जाता है ?

(A) गति

(B) शक्ति

(C) चपलता

(D) गति सहनशक्ति

133. यदि 1.55 मीटर ऊँचाई वाले व्यक्ति का बी.एम.आई. 26.25 है, तब उसका वजन क्या होगा ?

(A) 53 किग्रा

(B) 63 किग्रा

(C) 73 किग्रा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

mpcareer.in

134. Which of the following hip to waist ratio increases the risk of coronary heart disease in female ?

(A) 0.60 (B) 0.65

(C) 0.75 (D) 0.85

135. Floor Touch Test is the test item of which test battery ?

(A) Kraus-Weber Strength Test

(B) Roger's Strength Test

(C) J.C.R. Test

(D) Indiana Motor Fitness Test

136. Cobb angle between 20 to 40 degrees for scoliosis is considered as :

(A) Severe Scoliosis

(B) Moderate Scoliosis

(C) Mild Scoliosis

(D) No Scoliosis

137. Straddle chin is the test item of which of the following motor fitness tests ?

(A) Canadian Fitness Test

(B) National Physical Efficiency Test

(C) Indiana Motor Fitness Test

(D) Fleishman Fitness Test

134. निम्नलिखित में से कौनसा कमर एवं कूल्हे का अनुपात महिलाओं में हृदय रोगों के जोखिम को बढ़ाता है ?

(A) 0.60 (B) 0.65

(C) 0.75 (D) 0.85

135. फ्लोर टच टेस्ट किस परीक्षण बैटरी का परीक्षण मद है ?

(A) क्राउस-वेबर शक्ति परीक्षण

(B) रोजर का शक्ति परीक्षण

(C) जे.सी.आर. परीक्षण

(D) इण्डियाना गामक दक्षता परीक्षण

136. स्कोलियोसिस मापन कॉब कोण 20 से 40 डिग्री होने पर क्या माना जाएगा ?

(A) गंभीर स्कोलियोसिस

(B) मध्यम स्कोलियोसिस

(C) हल्का स्कोलियोसिस

(D) स्कोलियोसिस नहीं

137. स्ट्रेडल चिन निम्नलिखित में से किस गामक स्वस्थता परीक्षण का परीक्षण मद है ?

(A) केनेडियन स्वस्थता परीक्षण

(B) राष्ट्रीय शारीरिक योग्यता परीक्षण

(C) इण्डियाना गामक स्वस्थता परीक्षण

(D) फ्लेशमैन स्वस्थता परीक्षण

138. The distance between the starting line and the first hurdle (chair) in Johnson Basketball dribble test is :

(A) 15 feet (B) 12 feet

(C) 9 feet (D) 6 feet

139. The volleying target in Russel Lange Volleyball Test is marked on a wall at the height of :

(A) 7.0 feet (B) 7.25 feet

(C) 7.50 feet (D) 11 feet

140. Knock knee can be assessed by which of the following ?

(A) P angle (B) Q angle

(C) W angle (D) Y angle

141. The concept of a sports management curriculum is generally credited to :

(A) James G. Mason and Walter O' Malley

(B) Parkhouse and Pits

(C) Martin Miller and Albert Sploding

(D) Hicks B and King A

138. जॉनसन बास्केटबॉल ड्रिबल परीक्षण में शुरुआती लाइन और पहली बाधा (कुर्सी) के बीच की दूरी होती है :

(A) 15 फीट (B) 12 फीट

(C) 9 फीट (D) 6 फीट

139. रसेल लेंज वॉलीबॉल परीक्षण में दीवार पर कितनी ऊँचाई पर वॉलीइंग टारगेट बनाया जाता है ?

(A) 7.0 फीट (B) 7.25 फीट

(C) 7.50 फीट (D) 11 फीट

140. नॉक घुटने को किस विधि के माध्यम से नापा जा सकता है ?

(A) P एंगल (B) Q एंगल

(C) W एंगल (D) Y एंगल

141. खेल प्रबंधन के पाठ्यक्रम की अवधारणा का श्रेय दिया जाता है :

(A) जेम्स जी. मेशन एवं वाल्टर ओ.' माले को

(B) पार्कहाउस और पिट्स को

(C) मार्टिन मिलर एवं अल्बर्ट स्प्लोडिंग को

(D) हिक्स बी एवं किंग ए. को

142. The modern approach to management is characterised by :

(A) Human reaction movement

(B) Scientific management movement

(C) Organisational behaviour

(D) All of the above

143. The functional areas of management include :

(A) Planning and organizing

(B) Leading and evaluation

(C) Budgeting

(D) Planning, organizing, leading and evaluation

144. The first masters in sports management in the world was started in which year and by which university ?

(A) University of Massachusetts in 1964

(B) Ohio University in 1966

(C) University of Miami in 1968

(D) St. Thomas University in 1970

142. प्रबंधन के लिए आधुनिक दृष्टिकोण की विशेषता है :

(A) मानवीय अनुभूति आंदोलन

(B) वैज्ञानिक प्रबंधन आंदोलन

(C) संगठनात्मक व्यवहार

(D) उपर्युक्त सभी

143. प्रबंधन के कार्यात्मक क्षेत्रों में शामिल है :

(A) योजना बनाना एवं आयोजन करना

(B) नेतृत्व और मूल्यांकन

(C) बजट बनाना

(D) योजना, आयोजन, नेतृत्व एवं मूल्यांकन

144. खेल प्रबंधन में पहला मास्टर कोर्स किस विश्वविद्यालय एवं किस वर्ष से पहली बार स्थापित किया गया था ?

(A) मेसाचुसेट्स विश्वविद्यालय - 1964

(B) ओहियो विश्वविद्यालय - 1966

(C) मियामी विश्वविद्यालय - 1968

(D) सेंट थॉमस विश्वविद्यालय - 1970

145. Which is the first step of classic model of decision making as per Chelladurai (2001) ?

(A) Problem Statement/Framing the Problem

(B) Generating Alternatives

(C) Select the Best Alternatives

(D) Evaluate Alternatives

146. Who is the founder of Scientific Management theory ?

(A) Vincent T.

(B) Max Weber

(C) Henri Fayol

(D) Frederick Winslow Taylor

147. Which out the following is an important activity under financial management ?

(A) Resource allocation

(B) Budgeting

(C) Operating

(D) Forecasting

145. चलेदुराई (2001) के क्लासिक निर्णय निर्माण मॉडल के अनुसार सबसे पहला कदम कौनसा है ?

(A) समस्या का विवरण/समस्या की रूपरेखा

(B) विकल्पों का निर्माण

(C) सबसे अच्छा विकल्प चुनना

(D) विकल्पों का मूल्यांकन

146. वैज्ञानिक प्रबंधन के सिद्धांत को पहली बार किसके द्वारा बनाया गया ?

(A) वीनसेंट टी.

(B) मैक्स वेबर

(C) हेनरी फेयोल

(D) फ्रेडरिक विन्सलो टेलर

147. निम्नलिखित में से वित्तीय प्रबंधन के लिए कौनसा गतिविधि सबसे महत्त्वपूर्ण है ?

(A) संसाधन आबंटन

(B) बजट बनाना

(C) संचालन करना

(D) पूर्वानुमान करना

**148.** Which of the following is the informational role of a manager ?

(A) Disseminator

(B) Leader

(C) Liaison

(D) Entrepreneur

**149.** Proactive efforts made by the sports businessman to prevent loss is called............... .

(A) Event Management

(B) Risk Management

(C) Disaster Management

(D) Finance Management

**150.** Which trait is crucial for Sports Coach to effectively motivate and inspire sportsmen ?

(A) Observant and respectful

(B) Trusting and supporting

(C) Goal oriented and focused

(D) Highly energized and a motivator

**148.** निम्नलिखित में से कौनसी प्रबंधक के लिए सूचना सम्बन्धी भूमिका है ?

(A) वितरक

(B) नेता

(C) संपर्ककर्ता

(D) उद्यमी

**149.** किसी खेल व्यवसायी को होने वाली हानि को रोकने के लिए किये गये पूर्वसक्रिय प्रयासों को क्या कहा जाता है ?

(A) घटना प्रबंधन

(B) जोखिम प्रबंधन

(C) आपदा प्रबंधन

(D) वित्त प्रबंधन

**150.** एक खेल के कोच को खिलाड़ियों को प्रभावी ढंग से प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण गुण कौनसा है ?

(A) सतर्क और सम्मानजनक

(B) विश्वासपात्र और सहायक

(C) लक्ष्य-उन्मुख और केन्द्रित

(D) अत्यंत ऊर्जा से भरा और प्रेरक

mpcareer.in

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

mpcareer.in

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

mpcareer.in